# साहित्य अकादमी की ओर से मैथिली काव्य गोष्ठी का यूट्यूब पर प्रसारण

**प्रतिनिधि** ▷ झंझारपुर

साहित्य अकादमी नयी दिल्ली द्वारा वेबलाइन साहित्य शृंखला के अंतर्गत मैथिली साहित्य मंच द्वारा आयोजित मैथिली काव्य गोष्ठी का प्रसारण अकादमी के यू ट्यूब पर अकादमी के प्रकाशन विभाग के उप सचिव डा. एन सुरेश बाबू ने किया. मौके पर कहा कि मैथिली काव्य गोष्ठी के प्रसारण की विधिवत सूचना इन्फॉर्मेशन ब्यूरो पीआईबी, भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय एवं डीडी वन को विभागीय स्तर से दे दी गयी है. बताते चलें कि साहित्य अकादमी के वेबलाइन मैथिली साहित्य मंच पर बीते पांच अगस्त को आयोजित काव्य गोष्ठी में मैथिली मंच की कवियत्री कुमकुम झा, कवि डा. संजीव शमा एवं नारायण झा ने अपनी कविता पाठ किया. साहित्य अकादमी द्वारा यू ट्यूब पर काव्य गोष्ठी के प्रसारण पर अनुमंडल के साहित्य प्रेमियों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है. यू ट्यूब प्रसारण को लेकर साहित्यकार अशोक अविचल, कुमार साहब, अमरनाथ झा, डा. शुभ कुमार वर्णवाल, अजय कुमार दास, डा. कन्हैया झा, डा. अनिल ठाकुर, दिलीप झा, अजित आजाद, अभाकाम महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्वेता कर्ण, महिला कर्ण गोष्ठी झंझारपुर ग्रुप की डा. मणि कर्ण, अनु अंजना, अभाकाम के जिला महासचिव संदीप दास, समीर कुमार दास, आनन्द कुमार झा आदि ने तीनों कवियों को शुभकामनाएं दी है.




वेबलाइन काव्य गोष्ठी में शामिल कवि .